संख्या-82/2025/176/41-2-2025-CN- **1801602**

प्रेषक,

सर्वेश कुमार सिंह,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
पर्यटन,
उ0प्र0, लखनऊ।

पर्यटन अनुभाग-2 लखनऊ, दिनांक 27 फरवरी, 2025

विषय-वित्तीय वर्ष 2024-25 में पुनर्विनियोग के माध्यम से धनराशि की स्वीकृति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-8941/21-1-1/(पुनर्विनियोग)नजा0/2025, दिनांक 20.01.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुदान सं0 44 लेखाशीर्ष "3452-पर्यटन-80- सामान्य-001 निदेशन तथा प्रशासन- 03 अधिष्ठान-01 वेतन मद में हो रही बचत रु0 150.00 लाख के सापेक्ष लेखाशीर्ष 3452-पर्यटन-80-सामान्य- 001-निदेशन एवं प्रशासन-03-अधिष्ठान-पर्यटन निदेशालय के मानक मद 02-मजदूरी मद में भुगतान के लिए चालू वित्तीय वर्ष में रू0 5.00 लाख, मानक मद 08-कार्यालय व्यय मद में भुगतान के लिए चालू वित्तीय वर्ष में रू0 8.00 लाख तथा मानक मद 13-टेलीफोन मद में रू0 6.50 लाख, मानक मद 15- गाडियों का अनुरक्षण एवं पेटोल मद हेतु रू0 50.00 लाख और 47- कम्प्यूटर अनुरक्षण एवं खरीद मद में रू० 8.00 लाख अर्थात कुल धनराशि रू0 77.50 लाख (रू० सतहत्तर लाख पचास हजार मात्र) की धनराशि पुनर्विनियोग के माध्यम से स्वीकृत किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपसे प्राप्त प्रस्ताव के क्रम में चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुदान लेखाशीर्ष "3452-पर्यटन-80- सामान्य-001 निदेशन तथा प्रशासन- 03 अधिष्ठान-01 वेतन मद में हो रही बचत रु0 150.00 लाख के सापेक्ष लेखाशीर्ष 3452-पर्यटन-80-सामान्य-001-निदेशन एवं प्रशासन-03-अधिष्ठान-पर्यटन निदेशालय के मानक मद 02-मजदूरी मद में भुगतान के लिए चालू वित्तीय वर्ष में रू0 5.00 लाख, मानक मद 08-कार्यालय व्यय मद में भुगतान के लिए चालू वित्तीय वर्ष में रू0 8.00 लाख तथा मानक मद 13-टेलीफोन मद में रू0 6.50 लाख, मानक मद 15- गाडियों का अनुरक्षण एवं पेटोल मद हेतु रू0 50.00 लाख और 47- कम्प्यूटर अनुरक्षण एवं खरीद मद में रू० 8.00 लाख अर्थात कुल धनराशि रू0 77.50 लाख (रू० सतहत्तर लाख पचास हजार मात्र) की धनराशि पुनर्विनियोग के माध्यम से शासन के आदेश संख्या-आई/891084/41-2-2025-CN-1801602, दिनांक 25 फरवरी, 2025 द्वारा प्रदान किया गया है। उक्त धनराशि रु0 77.50 लाख (रू० सतहत्तर लाख पचास हजार मात्र) को पुनर्विनियोग के माध्यम से निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

(1) पुनर्विनियोग के माध्यम से वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024, दिनांक-04-मार्च, 2024 में निहित शर्तों एवं प्रावधानों के अन्तर्गत ही सुनिश्चित किया जायेगा।

(2) पुनर्विनियोग के माध्यम स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण एवं व्यय आवश्यकतानुसार तथा नियमानुसार किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

पी0एल0ए0/बैंक खाते आदि में नही रखा जायेगा। स्वीकृत धनराशि का मदवार व्यय-विवरण शासन को सक्षम स्तर से उपलब्ध कराया जायेगा।

(3) पुनर्विनियोग के माध्यम स्वीकृत की जा रही धनराशि का उपयोग वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में ही सुनिश्चित किया जायेगा तथा यदि कोई धनराशि बचती है तो उसे इसी वित्तीय वर्ष में नियत तिथि 31.03.2025 के पूर्व शासन को समर्पित/राजकोष में जमा कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

(4) व्यय प्रबन्धन एवं शासकीय व्यय में मितव्ययिता के सम्बन्ध में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों का विशेष रूप से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ-साथ राजकीय धन व्यय करने में उ0 प्र0 बजट मैनुअल के प्रस्तर-12 में दी गयी शर्तों की पूर्ति तथा वित्तीय औचित्य के मानकों (स्टैण्डर्डस आफ फाइनेन्शियल प्रोप्राइटी) का महालेखाकार, प्रयागराज से कराये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाय।

भवदीय,

(सर्वेश कुमार सिंह)
अनु सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3. मुख्य कोषाधिकारी जवाहर भवन लखनऊ।
4. निदेशक, वित्तीय सांख्यिकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ ।
5. वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
6. निदेशक, पर्यटन, उ0 प्र0, लखनऊ ।
7. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7, उ0 प्र0 शासन, लखनऊ
8. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2, उ0 प्र0 शासन, लखनऊ
9. गार्ड-फाइल।

आज्ञा से,

(सर्वेश कुमार सिंह)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।